कलयुग की सरकार | By Bhavna Sharma

देख रहा है खाटूवाला सबको नाच नचावे
अच्छा बुरा करम बाबा के खाते में लिख जावे
ये है कलयुग की सरकार इसको कहते लखदातार

कथिनी करनी सारी हमारी जाने है सांवरिया
बाहर क्या है अंदर क्या है पहचाने सांवरिया
ये है कलयुग की सरकार इसको कहते लखदातार

हम मतलब से प्रेम बढ़ाते छिपा नहीं ये बाबा से
झूठ सही क्या स्वांग रचाते छिपा नहीं ये बाबा से
ये है कलयुग की सरकार इसको कहते लखदातार

भावना तू क्यों ना इनसे साची लगन लगावे
अच्छा बुरा करम बाबा के खाते में लिख जावे
ये है कलयुग की सरकार इसको कहते लखदातार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b2%e0%a4%af%e0%a5%81%e0%a4%97-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-bhavna-sharma/